# मुकेश अंबानी, रतन टाटा और रितेश अग्रवाल ने भी दीये जलाकर दिखाई एकजुटता

पीएम नरेंद्र मोदी की अपील पर रविवार की रात 9 बजे देश भर में लोगों ने दीये जलाए और कोरोना के खिलाफ जंग में अपना संकल्प व्यक्त किया। यही नहीं पीएम मोदी की अपील पर आम लोगों के साथ ही दिग्गज कारोबारी मुकेश अंबानी भी पत्नी नीता अंबानी के साथ दीये जलाते दिखे। यही नहीं टाटा ग्रुप के चेयरमैन और इस संकट में 1,500 करोड़ रुपये की बड़ी रकम डोनेट करने वाले रतन टाटा ने भी दीये जलाकर कोरोना के खिलाफ एकजुटता का संदेश दिया। बता दें कि पीएम नरेंद्र मोदी ने अपनी अपील में लोगों से कहा था कि वे 5 अप्रैल को रात 9 बजे 9 मिनट तक दीये जलाएं या फिर मोबाइल की टॉर्स से रोशनी कर कोरोना के अंधेरे के खिलाफ एकजुटता दिखाएं।

मुकेश अंबानी और पत्नी नीता अंबानी ने रात को ठीक 9 बजे अपने बहुमंजिला आवास एंटीलिया की लाइटें बंद कर दीं और दीये जलाए। इसके अलावा रतन टाटा की दीये के साथ तस्वीर नजर आई। युवा कारोबारी और OYO के संस्थापक रीतेश अग्रवाल ने भी अपने ट्विटर अकाउंट दीये जलाते हुए तस्वीर साझा की। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'कोरोना के खिलाफ जंग में दिन रात काम करने वाले और लोगों को संकट से बचाने में जुटे योद्धाओं के लिए दीये जलाएं।'